**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 05 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

**1. भारत और फ़िनलैंड के बीच पर्यावरण सहयोग, प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी तथा सांख्यिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए ।**

**2. हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए तीन नामांकन दाखिल हुए - भारतीय जनता पार्टी की ओर से संजय भाटिया, काँग्रेस की ओर से कर्मवीर सिंह बोद्ध तथा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर सतीश नांदल ने नामांकन पत्र दाखिल किया ।**

**3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डेरा बाबा नानक स्थित श्री चोला साहब में शीश नवाया और प्रदेश व देशवासियों के सुख समृद्धि के लिए अरदास की ।**

**4. गृह मंत्री अमित शाह ने जनगणना के लिए 4 डिजिटल उपकरणों का शुभारंभ किया ।**

**5. अंबाला रेलवे मण्डल द्वारा अंबाला - सहारनपुर रेल मार्ग पर तीसरी और चौथी रेल लाइन का सर्वे शुरू हुआ ।**

**********************************************************************

भारत और फिनलैंड के बीच आज नई दिल्ली में पर्यावरण सहयोग, प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी तथा सांख्यिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति आलेक्सांदर स्तूब के साथ कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने बहुपक्षीय मंचों में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए। संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है।

*आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे ग्लोबल एन्वायरमेंट मे भारत और यूरोप दुनिया की दो बड़ी डिप्लोमेटिक पावर्स अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं। हमारा बढ़ता सहयोग, वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को नई मजबूती दे रहा है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिनलैंड इस बात पर सहमत हैं कि केवल सैन्य संघर्ष से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। श्री मोदी ने उल्लेख किया कि भारत-यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते से भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश तथा तकनीकी सहयोग और मजबूत होगा।

*2026 की शुरूआत में ऐतिहासिक भारत यूरोपियन यूनियन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ। ये एग्रीमेंट भारत और फिनलैंड के बीच ट्रेड, इन्वेस्टमेंट और टैक्नोलॉजी सहयोग को और प्रबल करेगा। डिजिटल टैक्नोलॉजी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और सस्टेनबिलिटी जैसे क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड महत्वपूर्ण साझेदार हैं।*

फिनलैंड के राष्ट्रपति आलेक्सांदर स्तूब ने भारत की कूटनीतिक क्षमता को सलाम करते हुए कहा कि भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक है और विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। राष्ट्रपति स्तूब आज शाम राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित होने वाले 11वें रायसीना डॉयलाग 2026 में मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल  हो रहे हैं ।

*****************************************************************

हरियाणा राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों के लिए नामित रिटर्निंग अधिकारी पंकज अग्रवाल ने आज बताया कि 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए आज तीन नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। नामांकन दाखिल करने की आज अंतिम तिथि थी। नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च को की जाएगी।

श्री अग्रवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से संजय भाटिया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से कर्मवीर सिंह बौद्ध तथा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सतीश नांदल ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

उन्होंने आगे बताया कि उम्मीदवार 9 मार्च तक अपने नामांकन वापस ले सकते हैं। मतदान यदि आवश्यक हुआ तो 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक हरियाणा विधानसभा सचिवालय के कमेटी रूम में होगा।

*****************************************************************

हरियाणा राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजय भाटिया ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने  के अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और अन्य नेता मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद श्री भाटिया ने कहा -

पानीपत निवासी 57 वर्षीय संजय भाटिया संगठनात्मक राजनीति का लंबा अनुभव रखते हैं। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं और भाजपा में प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। श्री संजय भाटिया करनाल लोकसभा सीट से सांसद भी रह चुके हैं।

*****************************************************************

हरियाणा में कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने भी आज विधानसभा भवन पहुंचकर अपना नामांकन भरा। यह उनका पहला चुनाव होगा। नामांकन भरते समय उनके साथ हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद, हरियाणा कांग्रेस समिति के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ,नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित पार्टी के सभी विधायक मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद कर्मबीर बौद्ध ने कहा -

अंबाला निवासी कर्मबीर बौद्ध हरियाणा सिविल सचिवालय से करीब 4 साल पहले प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए। श्री कर्मवीर सिंह बौद्ध 'संविधान बचाओ अभियान' में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं और जमीनी स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों में भागीदारी निभाते रहे हैं। वे कांग्रेस में किसी भी गुट या खेमे से जुड़े हुए नेता नहीं माने जाते।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंजाब के गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक स्थित गुरुद्वारा श्री चोला साहिब पहुंचकर माथा टेका और अरदास की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश तथा देशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने गुरु का लंगर में सेवा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुओं की शिक्षाएं मानवता, सेवा, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। गुरुओं का संदेश समाज में सद्भाव, एकता और परोपकार की भावना को मजबूत करता है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है और गुरुओं के आशीर्वाद से हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देश और प्रदेश के लोगों के उज्ज्वल भविष्य, खुशहाली और विकास के लिए भी प्रार्थना की।

*************************************************************

गृहमंत्री अमित शाह ने जनगणना के लिए आज नई दिल्ली में चार डिजिटल उपकरणों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनह्लोंने वर्ष 2027 की जनगणना के लिए महिलाओं और पुरुषों के प्रतीक शुभंकर - प्रगति और विकास का औपचारिक अनावरण किया। इन उपकरणों में हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर वेब एप्लिकेशन, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन, स्व-गणना पोर्टल और जनगणना प्रबंधन तथा निगरानी प्रणाली पोर्टल शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र ने देश भर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए यह उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं।

*************************************************************

पलवल के जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि देश की 16वीं और स्वतंत्र भारत की 8वीं जनगणना को लेकर सरकार द्वारा रोडमैप तैयार किया गया है। एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी। उन्होंने लोगों से जनगणना में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

उपायुक्त ने बताया कि पहला चरण 1 मई से 30 मई तक पूरा किया जाएगा। पहले चरण के अंतर्गत मकानों की सूची और आवास गणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक की जाएगी। जनगणना का दूसरा चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 में होगा।
*************************************************************

अंबाला  रेल मंडल द्वारा अम्बाला साहारन्पुर रेल मार्ग पर  तीसरी और चौथी लाइन का सर्वेक्षण आज शुरू हो गया रेल मण्डल  के सभी विभागों के अधिकारी आज डीआरएम स्पेशल ट्रेन के साथ अंबाला सहारनपुर रेल मार्ग पर सर्वे के लिए निकले। इससे पहले अंबाला रेलवे मण्डल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने कहा कि अंबाला दिल्ली नई रेल लाइन अभी डबल लाइन चल रही है तीसरी  और चौथी  लाइन का अभी सर्वे शुरू  हुआ है उसके बाद ही इसका मसौदा तैयार होगा । उन्होंने बताया कि अंबाला रेल  मंडल में पहले से ही ऐसे कई  काम चल रहे हैं, चंडीगढ़, चंडी मंदिर से और बद्दी के लिए और  दौलतपुर से पंजाब में  मुकेरिया तक रेल लाइन का काम भी तेजी से चल रहा है । उन्होंने कहा आज  यह नियमित निरीक्षण है कुछ कमियां नजर आती है तो उसे नोट कर दूर कर लिया जाएगा  ।
*************************************************************